# नारी शक्ति का उत्थान सशक्त हो रहा हिंदुस्तान

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

विशेषांक

वर्ष : 2, अंक : 11 | 8 मार्च, 2020



डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा था, “मैं किसी भी समाज की तरक्की उस समाज की महिलाओं की तरक्की में देखता हूं।’’ लेकिन यह दुर्भाग्य की बात रही कि आजादी के बाद लंबे अरसे तक महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को नजरअंदाज किया जाता रहा। 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी और इस दिशा में कई ऐतिहासिक कार्य किए। आज ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम #SheInspiresUs को पूरे विश्व में समर्थन मिल रहा है। इससे न सिर्फ महिलाओं में विश्वास जगा है, बल्कि महिलाओं से संबंधित मुद्दे फिर चर्चा के केंद्र में हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ना सिर्फ महिलाओं के विकास की बात कही, बल्कि अपनी सरकार के जरिए इसका उदाहरण भी पेश किया। चाहे बात मुस्लिम महिलाओं को सदियों से चली आ रही तीन तलाक की कुप्रथा से मुक्ति दिलाना हो या फिर बगैर ‘मेहरम’ के हज पर जाने का मामला, सभी फैसलों में प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, मोदी सरकार ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ अभियान से लेकर सुकन्या समृद्धि और सुरक्षित मातृत्व जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं को उनका हक दिलाने का काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तमाम नीतियों और प्रगतिशील कदमों के द्वारा महिला उद्यमियों के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का मौका दिया है, जिससे वो रोजगार देने वाली बनें और दूसरी महिलाओं को भी सशक्त बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल ने महिलाओं में विश्वास भरने के साथ ही भरोसा भी उत्पन्न किया है।

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को यह यकीन दिलाने में सफल रहे हैं कि आज देश की बागडोर एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में है, जो उनके सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज यानि 8 मार्च को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। ऐसे में यह उल्लेख करना जरूरी है कि किस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में महिलाओं के अनुकूल माहौल बनाया है, जिसमें वो आसानी से प्रगति कर सकती हैं और अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।



# मोदी सरकार में पहली बार

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- 17वीं लोकसभा में सर्वाधिक 78 महिला सांसद निर्वाचित होकर पहुंचीं।
- मोदी सरकार में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति मिली।
- मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सर्वाधिक 6 महिलाओं को कैबिनेट में शामिल किया गया।
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति में दो महिला मंत्रियों को शामिल किया गया।
- सुषमा स्वराज के रूप में किसी महिला को विदेश मंत्री और निर्मला सीतारमण को पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री बनाया गया।
- आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण, जिसका लाभ महिलाओं को भी मिलेगा।
- 2018 में मुस्लिम महिलाएं 'मेहरम' (पुरुष साथी) के बिना हज यात्रा पर गईं।
- केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में महिलाओं के 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
- वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में तीन महिलाओं की नियुक्ति की गई।
- विंग कमांडर एस धामी फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली देश की पहली महिला अधिकारी बनीं।
- एयरफोर्स की फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहना सिंह हॉक विमान उड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनीं।
- वायुसेना की तीन महिला अधिकारियों ने एमआई-17 हेलीकॉप्टर को उड़ाया।
- वायुसेना की फ्लाइट लेफ्टिनेंट हिना जायसवाल देश की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं।
- एयर फोर्स की फ्लाइंग ऑफिसर अवनी चतुर्वेदी लड़ाकू विमान मिग-21 उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- 2015 में मोदी सरकार ने नेवी में महिलाओं को शामिल करने का निर्णय लिया।
- शुभांगी स्वरूप को नेवी की पहली महिला पायलट बनने का गौरव हासिल हुआ।



# मोदी सरकार में पहली बार

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- गणतंत्र दिवस-2019 परेड में सेना की महिला अधिकारी भावना कस्तूरी ने पुरुषों की टुकड़ी का नेतृत्व किया।
- गणतंत्र दिवस परेड, 2018 में बाइक पर करतब दिखाने वाले महिला कमांडो दस्ते को शामिल किया गया।
- 66वें गणतंत्र दिवस पर तीनों सेनाओं के एक विशेष महिला दस्ता ने राजपथ पर मार्च किया।
- महिला दस्ता की अगुवाई में गणतंत्र दिवस 2015 की परेड की शुरुआत हुई।
- गणतंत्र दिवस 2015 की परेड में तीनों सशस्त्र सेना की महिला टुकड़ियों ने हिस्सा लिया।
- मोदी सरकार ने मिलिट्री पुलिस में महिलाओं की तैनाती की घोषणा की।
- शॉर्ट सर्विस कमीशन से भर्ती होने वाली महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने की घोषणा की गई।
- देश के सभी 31 सैनिक स्कूलों में लड़कियों को प्रवेश देने का फैसला किया गया।
- सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया।
- उच्च शिक्षा में छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले अधिक संख्या में दाखिला लिया।
- जयपुर का गांधीनगर रेलवे स्टेशन देश का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन है, जिसे केवल महिलाएं ही संभाल रही हैं।
- माटुंगा देश का पहला ऐसा सब-अर्बन रेलवे स्टेशन है, जिसकी कमान पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में है।
- महिला उद्यमियों और एसएचजी की मदद के लिए ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म "महिला ई-हाट" शुरू किया गया।
- महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के लिए ऑनलाइन पोर्टल 'नारी' को लॉन्च किया गया।
- देश के हर पुलिस स्टेशन में महिला सहायता डेस्क बनाने का निर्णय लिया गया।

# नारी समानता की अधिकारी



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

"महिला शक्ति है, सशक्त है, वो भारत की नारी है, न ज्यादा में, न कम में, वो सब में बराबर की अधिकारी है।"

"आज जन्म से लेकर जीवन के हर चरण में बेटियों और बहनों की रक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए तमाम योजनाएं चल रही हैं।"

"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का यह अवसर महिला सशक्तिकरण के लिए पूरे विश्व में एक नई चेतना, नया उत्साह पैदा करता है। महिलाओं की भागीदारी नए भारत के नए संस्कार गढ़ने में बहुत अहम भूमिका निभा रही है। सुखद है कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बहन-बेटियों की भागीदारी बढ़ रही है।"

# #SheInspiresUs



- आज यानि 8 मार्च, 2020 को पीएम मोदी का सोशल मीडिया एकाउंट महिलाओं के हाथों में हैं।
- महिला दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने 'She Inspires Us' हैशटैग अभियान शुरू किया है।
- पीएम मोदी ने उन महिलाओं की कहानी को साझा करने की अपील की, जिनके जीवन से दूसरों को प्रेरणा मिल सके।
- पीएम मोदी का #SheInspiresUs अभियान एक व्यापक आंदोलन बन चुका है।
- पीएम मोदी ट्विटर पर 350 से ज्यादा महिलाओं को फॉलो करते हैं, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हैं।

> ट्विटर पर पीएम मोदी के 5.33 करोड़,
> फेसबुक पर 4.45 करोड़, इंस्टाग्राम पर 3.52 करोड़ और
> यू-ट्यूब पर 45 लाख फॉलोअर्स हैं।

- पीएम मोदी ने जून 2015 में रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों से #SelfieWithDaughter अभियान में शामिल होने की अपील की।



# महिला सुरक्षा सर्वोपरि

- बच्चियों से यौन अपराध मामले में मौत की सजा का प्रावधान
- लड़कियों से रेप मामले में 20 वर्ष की कारावास का प्रावधान
- रेप के अन्य मामलों में न्यूनतम सजा 7 से बढ़ाकर 10 साल
- महिला अधिकारियों को रेप मामलों की जांच करने का अधिकार
- अस्पतालों में रेप पीड़िता को मुफ्त इलाज की सुविधा
- 16 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों से रेप मामलों में अग्रिम जमानत नहीं
- 1000 से ज्यादा फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बनाए जाएंगे
- 2019 में “यौन अपराधों के लिए जांच निगरानी प्रणाली” लॉन्च
- 2018 में “यौन अपराधियों पर एक राष्ट्रीय डेटाबेस” लॉन्च
- महिलाओं की मदद के लिए वुमन हेल्पलाइन 181 शुरू
- मोबाइल फोन में पैनिक बटन और जीपीएस सुविधा अनिवार्य
- कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा कानून लागू
- कार्यालयों में यौन उत्पीड़न मामले में शिकायत के लिए She Box
- बच्चियों के यौन शोषण की शिकायत के लिए पॉक्सो ई-बॉक्स
- पुलिस, चिकित्सा और कानूनी सहायता के लिए ‘वन स्टॉप सेंटर्स’
- देश के 8 शहरों में सेफ सिटी परियोजना शुरू की गई
- महिला पुलिस स्वयंसेवक योजना की शुरुआत की गई
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए ‘निर्भया एप’ और ‘हिम्मत एप’ लॉन्च





# महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- शासन-प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर
- महिला सरपंचों और महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण
- पुलिस भर्ती में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का निर्णय
- पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी में 53% की वृद्धि
- एसिड अटैक पीड़िताओं को दिव्यांगों जैसी मदद
- पति के मृत्यु प्रमाण पत्र पर महिला का नाम लिखना अनिवार्य
- महिलाओं को पासपोर्ट में अपना उपनाम रखने की छूट
- महिलाओं को नाइट सिफ्ट में काम करने की अनुमति
- अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास के लिए नई रोशनी योजना










# शक्ति और समृद्धि

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- सामाजिक सोच बदलने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना
- बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना
- पीएम मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों की संख्या करोड़ के पार
- पीएम मुद्रा योजना के 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं
- महिलाओं को व्यवसाय के लिए स्टैंड-अप इंडिया योजना
- PMAY के तहत घरों की रजिस्ट्री में महिलाओं को प्राथमिकता
- जन-धन योजना के 38 करोड़ खाताधारकों में अधिकांश महिलाएं
- उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ मुफ्त एलपीजी कनेक्शन
- सौभाग्य योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त बिजली कनेक्शन
- JJM के तहत 2024 तक सभी के लिए पीने के पानी की व्यवस्था
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन 3000 से बढ़कर हुआ 4500 रु
- नीम कोटेड यूरिया से 2.25 लाख ग्रामीण महिलाओं को लाभ
- पीएम रोजगार सृजन योजना के तहत महिलाओं को सोलर चरखा
- स्वाधार गृह योजना के तहत 413 आश्रय स्थल संचालित
- जम्मू-कश्मीर में ‘उम्मीद’ योजना ने बदली महिलाओं की जिंदगी







# महिला आरोग्य




- आयुष्मान भारत योजना के तहत 30 लाख महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर की जांच
- इंद्रधनुष योजना के तहत 91.4 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण
- देश की हर बड़ी पंचायत में हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाये जा रहे हैं
- 6000 जन-औषधि केंद्रों पर कम कीमत पर मिल रही हैं दवाइयां
- गर्भवती महिलाओं के पोषण के लिए भारतीय पोषण कृषि कोष
- पोषण योद्धा के रूप में 13 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता
- 2022 तक भारत को कुपोषण मुक्त देश बनाने का लक्ष्य
- सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसवपूर्व जांच की सुविधा
- मातृत्व अवकाश 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया
- मातृत्व लाभ कार्यक्रम के तहत 6,000 रुपये का नकद प्रोत्साहन
- गर्भपात की सीमा 20 से बढ़ाकर 24 सप्ताह किया गया

## स्वच्छता से स्वास्थ्य सुधार





- 10.90 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण
- खुले में शौच से मुक्त गांवों की संख्या 6 लाख से अधिक
- पीएम मोदी की प्रेरणा से 3 महिलाओं ने जेवर बेचकर बनवाए शौचालय
- महिलाओं के BMI (Body Mass Index) में 32 प्रतिशत का सुधार
- शिशु मृत्यु दर में कमी के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार
- महिलाओं से छेड़छाड़ व बलात्कार की घटनाओं में कमी
- स्कूलों में शौचालयों के निर्माण से लड़कियों के ड्रॉप आॅउट में कमी
- संक्रमण से मुक्ति के लिए 1 रुपये में सेनेटरी नैपकिन की बिक्री

# शिक्षा से सुनहरा भविष्य

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- मोदी सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले की स्वीकृति दी।
- पीएम विद्यालक्ष्मी योजना और उड़ान योजना शुरू की गई।
- पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर स्कॉलरशिप और एजुकेशन लोन से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध है।
- शादी शगुन योजना के तहत स्नातक करने वाली अल्पसंख्यक लड़कियों को 51,000 रुपये की राशि दी जा रही है।
- नौंवी और 10वीं कक्षा में पढ़ाने वाली मुस्लिम बच्चियों को 10 हजार रुपये स्कॉलरशिप दी जा रही है।
- मोदी सरकार ने अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए ‘पढ़ो-बढ़ो’ अभियान की शुरुआत की।
- मोदी सरकार की प्रस्तावित नई शिक्षा नीति में महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है।









# महिलाओं का कौशल विकास

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- पीएम कौशल विकास योजना के अंतर्गत महिलाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लोन दिए गए।
- 6.6 करोड़ से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह अभियान से जुड़ीं, जहां उन्हें कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।
- पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एसएचजी के महिला सदस्यों से सीधा संवाद किया।
- महिला शक्ति केन्द्र योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है।
- फरवरी 2020 में दिल्ली में आयोजित हुनर हाट में करीब 50 प्रतिशत महिला दस्तकार शामिल थीं।
- कामकाजी महिलाओं को जरूरी सहयोग मुहैया कराने के लिए 190 से ज्यादा हॉस्टल खोले जा रहे हैं।









# टेक्नोसेवी हुईं महिलाएं

- सरकार और महिलाओं के बीच ब्रिज बनी टेक्नोलॉजी
- डीबीटी के दायरे में 56 मंत्रालयों की 450 योजनाएं
- योजना राशि महिला लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर
- जनधन, आधार और मोबाइल से भ्रष्टाचार पर अंकुश,लीकेज खत्म
- घर बैठी 20 लाख महिलाओं द्वारा 9 अरब डॉलर का व्यापार
- होममेकर्स की व्हाट्सऐप और फेसबुक के जरिए लोगों तक पहुंच
- महिला उद्यमियों के लिए 'महिला ई-हाट' लॉन्च किया गया
- सरकारी पोर्टल GeM पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के उत्पादों को बढ़ावा






## महिलाओं को कमान

- देश के 6 रेलवे स्टेशनों का संचालन पूरी तरह से महिलाएं कर रही हैं।
- ISA+21 के मुताबिक महिला पायलटों के मामले में भारत का औसत दुनिया से दोगुना है।




# नारी की ऊंची उड़ान

8 मार्च
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस








# खेलों में भी महारत

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



जून 2019 में पीएम मोदी ने महिला हाकी टीम को एफआईएच सीरीज जीतने पर बधाई दी।



अगस्त 2018 में पीएम मोदी ने ट्वीट करके बैंडमिंटन में रजत पदक जीतने वाली पीवी सिंधु को बधाई दी।



प्रधानमंत्री मोदी ने दुती चंद को 100 मीटर महिला दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।



दुनिया की सात सर्वोच्च पर्वत चोटियों को फतह करने वाली अरुणिमा को प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी।



2018 के एशियाई खेलों में हेप्टाथलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर स्वप्ना बर्मन को पीएम मोदी ने बधाई दी।



महिला क्रिकेट विश्व कप 2017 में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला क्रिकेट टीम ने पीएम मोदी से की मुलाकात।

# सम्मान से बढ़ा मान

